पंजाब केसरी 14/01/2025

'सुंदर मुंदरिए हो, तेरा कौन विचारा हो, दूल्हा भट्ठी वाला हो' पर थिरका जी.एम.एन. कॉलेज

त्यौहार समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम करते हैं : डा. रोहित दत्त

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के प्रांगण में लोहड़ी जलाते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (देवदत्त)

अम्बाला, 13 जनवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के प्रांगण में सोमवार को लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कॉलेज की गर्वनिंग बॉडी के महासचिव अजय अग्रवाल थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने की। कार्यक्रम के दौरान 'सुंदर मुंदरिए हो, तेरा कौन विचारा हो, दूल्हा भट्ठी वाला हो' पर पूरा जी.एम.एन. कॉलेज थिरक उठा।

सर्वप्रथम, मुख्य अतिथि, प्राचार्य एवं स्टाफ सदस्यों ने कॉलेज ऑडिटोरियम के समक्ष लोहड़ी जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने आग में मूंगफली-रेंवड़ी डाली। इसके पश्चात् महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं ढोलक की थाप पर जमकर झूम उठे। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को लोहड़ी व मकर संक्रांति की बधाई दी। संगीत विभाग की प्राध्यापिका डा. मंजीत कौर ने लोहड़ी की लोक कथाओं व गीतों को सुनाकर मनमोहित किया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों को मूंगफलियां व रेवड़ियां बांटी गई।

अपने संबोधन में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि त्यौहार समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम करते हैं। इन त्यौहारों को मानने से देश में सद्भाव पूर्ण माहौल बनता है और राष्ट्रीय एकता को मजबूती मिलती है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे राष्ट्र को आगे ले जाने में अपना योगदान दें और निरंतर कड़ी मेहनत करते हुए जीवन में सफलता हासिल करें।